संख्या— 1253 / 33—3—2022—114 / 2012

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1— निदेशक, पंचायती राज उ0प्र0।
2— समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।

पंचायती राज अनुभाग—3 लखनऊः दिनांक 23 जून, 2022

विषयः— **दिनांक 01.07.2022 से 31.07.2022 के मध्य विशेष संचारी रोग नियंत्रण चलाए जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए शासन स्तर से स्वच्छता अभियान चलाने हेतु समय—समय पर दिशा—निर्देश निर्गत किए गए हैं। पूर्व की भांति इस वर्ष भी संचारी रोग नियंत्रण अभियान—दिनांक 01.07.2022 से 31.07.2022 तक समस्त जनपदों में स्वच्छता अभियान से सम्बन्धित समस्त गतिविधियों की विस्तृत कार्ययोजना बनाकर संचालित किया जाना है।

2— इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों में दिनांक 01.07.2022 से 31.07.2022 तक संचालित किये जाने वाले अभियान के दौरान राजस्व अभिलेखों में दर्ज खाद के गड्ढ़ों को चिन्हित कर खाली कराते हुए, इन स्थलों पर वेस्ट ट्रीटमेंट की फैसिलिटी को बनाया जाए।

भवदीय,
23.6.22
(मनोज कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या व दिनांकः— तदैव।

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
2— समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
3— समस्त मण्डलीय उप निदेशक(पं0) उ0प्र0।
4— समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी, उ0प्र0।

आज्ञा से,

(अशोक कुमार राम)
अनु सचिव।